Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 254 ▫ रायपुर, बुधवार 8 अक्टूबर 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

पावर प्लांट में ऊंचाई से गिरा लिफ्ट 3 मजदूरों की दर्दनाक मौत, 7 गंभीर

बॉयलर मेंटेनेंस के दौरान हुआ हादसा

बिलासपुर/सक्ती, 8 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। सक्ती जिले के आरकेएम पावर प्लांट में मंगलवार देर रात बड़ा हादसा हो गया। बॉयलर मेंटेनेंस के दौरान मजदूरों को ले जा रही एक लिफ्ट ऊंचाई से नीचे गिर गई। इस दुर्घटना में जहां 3 मजदूरों की मौत हो गई, वहीं 7 अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के मुताबिक ये मामला डभरा थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि डभरा स्थित आरकेएम पॉवर प्लांट में मंगलवार की रात बॉयलर मेंटेनेंस का काम चल रहा था। मेंटनेंस कार्य के दौरान प्लांट में मौजूद मजदूरों को लिफ्ट के जरिये उपर भेजा जा रहा था। लिफ्ट को करीब 80 मीटर की ऊंचाई तक जाना था, लेकिन ऊंचाई पर पहुंचने के बाद अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर गया। इस दुर्घटना में लिफ्ट में सवार मजदूरों में 2 की जहां मौके पर ही मौत हो गयी, वहीं एक अन्य ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

वहीं 7 अन्य लोगों की हालत गंभीर बतायी जा रही है। उधर इस हादसे के बाद प्लांट परिसर में अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद बड़ी संख्या में मजदूर और उनके परिजन प्लांट गेट के बाहर जमा हो गए और जमकर हंगामा करने लगे। सूचना मिलते ही डभरा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारणों की पड़ताल की जा रही है।

भारतमाला घोटाले में अब होने वाली है ईडी या सीबीआई की इंट्री!

रायपुर, 8 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में भारतमाला परियोजना भू अर्जन मुआवजा राशि घोटाले में राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) के बाद अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) या केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा भी जांच की जा सकती है. छत्तीसगढ़ सरकार ने भारतमाला परियोजना घोटाले की जांच रिपोर्ट केंद्र को भेज दी है. रायपुर-विशाखापट्नम इकॉनामिक कॉरिडोर के मुआवजा घोटाला मामले की प्रशासनिक व ईओडब्ल्यू-एसीबी की जांच हो चुकी है. जांच में राजस्व अअधिकारियों को घोटाले के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है. साथ ही ईओडब्ल्यू-एसीबी ने एनएचएआई के तीन अधिकारियों की भी संसिता मानकर प्रकरण तो दर्जकर लिया है, लेकिन जांच एजेंसी को एनएचएआई ने अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की अनुमति नहीं दी है।

एनएचएआई से जुड़े सूत्रों के मुताबिक जमीन अधिग्रहण व मुआवजा वितरण की जिम्मेदारी जिला प्रशासन की रही है. ऐसे में एनएचएआई के अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया जाना उचित नहीं है. एनएचएआई के अफसरों का कहना है कि रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है. जांच रिपोर्ट के आधार पर केंद्र सरकार इस मुआवजा घोटाला प्रकरण को ईडी या सीबीआई को सौंप सकती है. गौरतलब है कि ईडी ने भारतमाला परियोजना मुआवजा घोटाले के संबंध में दर्ज एफआईआर व जांच प्रतिवेदन की जानकारी ईओडब्ल्यू से मांगी थी. इस मामले में ईडी की ओर से ईसीआईआर दर्ज की जा सकती है।

जानकारों का कहना है कि ये घोटाला शुरुआती अनुमान से कहीं ज्यादा बड़ा है, जिसमें कुछ आईएएस के नाम भी चर्चा में आ रहे हैं. जमीन का आकार छोटा करके तीन से सात गुना तक ज्यादा मुआवजा सरकार से लेने से लेकर किसानों से जमीन खरीदकर उसे ज्यादा कीमत में बेचने समेत कई तरह के घोटाले सामने आ रहे हैं। रायपुर-विशाखापट्नम इकॉनामिक कॉरिडोर भू-अर्जन मुआवजा घोटाले में शासन द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर करोड़ों रुपए का घोटाला सामने आया है. पूरी जांच रिपोर्ट आने के बाद आर्थिक क्षति की राशि और बढ़ सकती है. जमीन को कई टुकड़ों में बांटकर यह घोटाला किया गया है। आपत्ति- रायपुर विशाखापट्नम इकोनॉमिक कॉरिडोर में हुई आर्थिक गड़बड़ी पर एनएचएआई के अधिकारियों ने भी आपत्ति जताई थी. एनएचएआई की आपत्ति के बाद जांच रिपोर्ट को सचिव राजस्व विभाग को भेजा गया था और मुआवजा वितरण रोका गया था।

ब्रेकिंग न्यूज

ढाई साल से जेल में बंद महादेव सट्टा एप के आरोपियों को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

रायपुर, 8 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। महादेव सट्टा एप मामले में सभी 12 आरोपियों को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है. सभी आरोपी बीते ढाई साल से रायपुर जेल में कैद हैं. महादेव ऑनलाइन सट्टा एप मामले में जेल में बंद रितेश यादव, भारत ज्योति, विश्वजीत राय, राहुल वकटे, नीतीश दीवान, भीम सिंह यादव, अर्जुन यादव, चंद्रभूषण वर्मा, सतीश चंद्राकर समेत सभी 12 आरोपियों को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है. सुप्रीम कोर्ट से दस्तावेज आते ही सभी आरोपियों को जेल से छोड़ दिया जाएगा.

भारत में अमेरिकी राजदूत बने सर्जियो गोर



नई दिल्ली, 8 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। अमेरिकी सीनेट ने राष्ट्रपति ट्रंप के विश्वसनीय सहयोगी सर्जियो गोर को भारत में अमेरिका का नया राजदूत नियुक्त किया है, जो दोनों देशों के संबंधों में रणनीतिक गहराई का संकेत है। गोर का मानना है कि अमेरिका-भारत व्यापारिक संबंधों में सुधार से अमेरिकी प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और क्षेत्र में चीन के आर्थिक प्रभाव को कम करने में मदद मिलेगी, जिससे क्षेत्रीय स्थिरता और 21वीं सदी की साझेदारी मजबूत होगी।

भीषण हादसा : टैंकर की टक्कर से एलपीजी ट्रक में लगी आग

नई दिल्ली, 8 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। जयपुर-अजमेर राजमार्ग पर दूदू के पास मंगलवार रात को एक टैंकर की टक्कर के बाद गैस सिलेंडर ले जा रहे ट्रक में आग लग गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि एलपीजी सिलेंडरों से भरे एक ट्रक को एक टैंकर ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे सिलेंडर वाले ट्रक में आग लग गई। इसके बाद सिलेंडर धमाकों के साथ एक बाद एक फटने लगे। कुछ फटे हुए सिलेंडर घटनास्थल से कई मीटर दूर तक देखे गए। आग की लपटें और विस्फोट कई किलोमीटर दूर से दिखाई और सुनाई दे रहे थे। राज्य के उप-मुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा ने बताया कि इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और आग पर काबू पा लिया गया है। उन्होंने बताया कि शुरुआत में दमकल गाड़ियों के लिए जलते हुए ट्रक तक पहुंचना मुश्किल था लेकिन बाद में वे आग पर काबू पा सकीं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

बिरादरी की बातें

चूहा- सुनती हो, बिहार में चुनाव ऐलान के बाद सत्ता की लड़ाई तेज हो गई है।
चुहिया- हां जी, मोदी जी तो पहले ही महिलाओं को 10-10 हजार बांट दिए हैं..!

पूर्व पीएम देवेगौड़ा अस्पताल में भर्ती

नई दिल्ली, 8 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। पूर्व प्रधानमंत्री और जनता दल (सेकयुलर) के संस्थापक एच. डी. देवेगौड़ा को मंगलवार को बुखार के बाद मणिपाल अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके कार्यालय ने यह जानकारी दी। मणिपाल हॉस्पिटल्स ने भी एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री को संक्रमण के कारण ओल्ड एयरपोर्ट रोड स्थित उनके अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल की विज्ञप्ति में कहा गया है, उनका वर्तमान में चिकित्सा प्रबंधन चल रहा है और चिकित्सा विशेषज्ञों की एक टीम उनकी प्रगति पर नज़र रख रही है।

ट्रिपलआईटी रायपुर के छात्र की शर्मनाक करतूत, एआई से बनाई छात्राओं की अश्लील फोटो, संस्थान ने किया निलंबित

रायपुर, 8 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। नवा रायपुर स्थित भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपलआईटी) में अध्ययनरत छात्र का सनसनीखेज कारनामा सामने आया है. छात्र ने एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के जरिए संस्थान में अध्ययनरत 36 छात्राओं के अश्लील वीडियो-फोटो बना डाले. जांच में छात्राओं की शिकायत सही पाए जाने पर संस्थान ने छात्र को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। संस्थान के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (ईसीई) विभाग के तृतीय वर्ष में अध्ययनरत छात्र की हरकत के बारे में छात्राओं को पता चला तो उन्होंने प्रबंधन से शिकायत की. प्रबंधन ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तत्काल छात्र के कमरे की तलाशी लेते हुए मोबाइल, लैपटॉप और पेन ड्राइव को जब्त कर जांच की।

जांच में छात्राओं की शिकायतें सही पाई गई. इसके बाद छात्र के बिलासपुर में निवासरत परिजनों को बुलाकर छात्र की हरकत से अवगत कराते हुए निलंबित करते हुए तत्काल प्रभाव से संस्थान छोड़ने का निर्देश दिया. इसके साथ ही मामले में आगे की जांच के लिए महिला स्टाफ की एक कमेटी बनाई गई है, जो तकनीकी पहलुओं के साथ अन्य बिंदुओं पर भी जांच कर रही है. छात्राओं ने बताया छात्र ने अपनी कक्षा की 36 छात्राओं की फोटो लेकर फेक कंटेंट और वीडियो तैयार किया है, जो उसके लैपटॉप और मोबाइल में मिला है. छात्राओं को डर है कि उसने किसी को ये फेक फोटो या वीडियो शेयर तो नहीं किया है, या फिर किसी सोशल मीडिया साइट या एप पर अपलोड तो नहीं किया है. ट्रिपल आईटी के डायरेक्टर डॉ. ओमप्रकाश व्यास ने बताया कि छात्राओं की शिकायत पर महिला स्टाफ ने तुरंत छात्र के कमरे की तलाशी ली. उसके इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त कर लिया गया है. मामले की जांच के लिए एक कमेटी बनाई गई है, जो तकनीकी जांच के साथ अन्य पहलुओं पर भी काम कर रही है. यह गंभीर और संवेदनशील मसला है, इसलिए पूरी संवेदनशीलता और बारीकी से जांच की जा रही है।

लिफ्ट देना युवक को पड़ा महंगा, चाकू मारने की धमकी देकर बाइक और नगदी लूटे

बालोद, 8 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। बालोद जिले में लिफ्ट देना एक युवक को महंगा पड़ गया. जिस युवक को लिफ्ट दिया उसी ने चाकू से हमला करने की बात कहकर डराया और युवक की मोटरसाइकिल व 9 हजार रुपए लूटकर फरार हो गया. पूरी घटना गुरुर थाना क्षेत्र के देवरानी जेठानी नाला के पास की है. पीड़ित युवक ने मामले की शिकायत गुरुर थाने में की है. जानकारी के मुताबिक, पीड़ित जितेंद्र साहू पुरुर से गुरुर सामान खरीदी करने आया था. आरोपी ने पीड़ित से पुरुर चौक से लिफ्ट ली और बोहरडीही के इंडियन पेट्रोल पम्प के पास उतरा. जब पीड़ित पेट्रोल भरवा रहा था तब फिर उसके पास गया और बातचीत की, जिसके बाद पीड़ित की बाइक पर बैठक फिर आरोपी गया. देवरानी जेठानी पुल के पास सुनसान जगह देखकर आरोपी ने गाड़ी रुकवाई और जितेंद्र को चाकू मार दूंगा करके डराकर उनसे 9 हजार रुपए कैश और मोटरसाइकिल क्रमांक हृद 05 29474 को लूटकर ले गया. पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है. थाना प्रभारी सुनील तिर्की ने कहा कि बहुत जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

कफ सिरप कांड से 3 और मासूमों की गई जान

भोपाल, 8 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। मध्य प्रदेश में कफ सिरप से बच्चों की मौत का सिलसिला जारी है। बीते 24 घंटों में तीन और बच्चों की मौत के बाद आंकड़ा 20 तक पहुंच गया है। पांच बच्चे नागपुर में गंभीर हालत में भर्ती हैं। सरकार का कहना है कि आरोपी कंपनी कोल्ड्रिफ के मालिक को गिरफ्तार किया जाएगा। इसके लिए पुलिस टीम चेन्नई और काछीपुरम रवाना की गई है।

मध्यप्रदेश में अब तक 20 बच्चों की मौत कोल्ड्रिफ के मालिक को होंगे गिरफ्तार

मध्य प्रदेश में कफ सिरप की वजह से बच्चों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते 24 घंटों में तीन और मासूमों ने दम तोड़ दिया। अब मरने वालों की संख्या 20 पर पहुंच गई है। छिंदवाड़ा में 17, पांढुर्ना में एक और बैतूल में दो बच्चों की मौत हो चुकी है। पांच बच्चे अब भी नागपुर में जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहे हैं। अब कोल्ड्रिफ बनाने वाली कंपनी के ऑनर को गिरफ्तार किया जाएगा। उसे पकड़ने के लिए दो टीम चेन्नई और काछीपुरम पहुंच चुकी हैं।

नवविवाहिता की कुएं में फांसी पर लटकी मिली लाश

बलरामपुर, 8 अक्टूबर (हाईवे चैनल)।छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में नवविवाहित महिला का फांसी के फंदे पर लटका हुआ शव बरामद हुआ है. घटना से परिजनों और ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है. बताया जा रहा है कि वह कुछ दिन पहले ही अपने ससुराल लौटी थी. मृतिका की पहचान अंजली सिंह 21 साल के रूप में हुई है. वह सरनाडीह गांव का रहनी वाली थी. जानकारी के मुताबिक, घटना बलरामपुर कोतवाली थाना क्षेत्र के सरनाडीह ग्राम के पीपरपारा की है. जहां घर के पास महिला की कुंए में फांसी के फंदे से लटकती हुए मिली है. फिलाहाल आत्महत्या का कारण अज्ञात है. सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है.

अपोलो हॉस्पिटल के चार डॉक्टरों को राहत, एफआईआर और चार्जशीट निरस्त

बिलासपुर--छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में अपोलो हॉस्पिटल चार डॉक्टरों को बड़ी राहत दी है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच कोर्ट ने याचिका मंजूर करते हुए उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर और निचली अदालत में पेश की गई चार्जशीट को निरस्त कर दिया है। वर्ष 2016 में अपोलो हॉस्पिटल में एक मरीज की मौत के मामले में चारों डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए आईपीसी की धारा 304 ए यानी गैर इरादतन हत्या और 201 यानी सबूत मिटाने के तहत केस दर्ज किया गया था। दयालबंद निवासी एक युवक को गंभीर स्थिति में 25 दिसंबर 2016 को अपोलो हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। मरीज का मल्टीपल ऑर्गन फेल्योर के कारण अगले ही दिन 26 दिसंबर को निधन हो गया। पोस्टमॉर्टम के बाद विसरा को रासायनिक परीक्षण के लिए भेजा गया, जिसकी रिपोर्ट में किसी भी तरह के सल्फास के अवशेष नहीं मिले। इस मामले में परिजनों की शिकायत पर सरकंडा थाने में डॉ. सुनील कुमार केडिया, डॉ. देवेंद्र सिंह, डॉ. राजीव लोचन भांजा और मनोज कुमार राय के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। चारों ने सीनियर एडवोकेट सुनील ओटवानी के जरिए हाई कोर्ट में याचिका लगाई थी।

■ 7 साल पहले हुई घटना में सरकंडा थाने में दर्ज थी एफआईआर

गंभीर हालत में लाया गया था अस्पताल याचिकाकर्ताओं की तरफ से बताया गया कि 25 दिसंबर 2016 को मरीज को गंभीर हालत में भर्ती कराया गया था। मरीज मल्टीपल ऑर्गन फेल्योर के कारण अगले ही दिन 26 दिसंबर को निधन हो गया। पोस्टमॉर्टम के बाद विसरा को रासायनिक परीक्षण के लिए भेजा गया था, जिसकी रिपोर्ट में किसी भी तरह के सल्फास के अवशेष नहीं मिले। मेडिकल बोर्ड ने दी थी क्लीन चिट इसके अलावा यह भी बताया कि इस मामले में पहले सिम्स और बाद में राज्य मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया था। कार्डियोलॉजिस्ट समेत पांच मेडिकल विशेषज्ञों वाले इस राज्य मेडिकल बोर्ड ने वर्ष 2023 में अपनी राय दी थी कि डॉक्टरों की ओर से कोई लापरवाही नहीं हुई है।ं मेडिको लीगल एक्सपर्ट की रिपोर्ट के आधार पर केस यह भी बताया कि बोर्ड की रिपोर्ट के बावजूद पुलिस विभाग के एक मेडिको लीगल विशेषज्ञ की रिपोर्ट के आधार पर डॉक्टरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया था। इस रिपोर्ट में मृत्युपूर्व बयान रिकॉर्ड न करना या राइस ट्यूब को संरक्षित न करना का उल्लेख किया गया था,

उपलब्धि पोलिटिकल कमेंट्री की श्रेणी में हमेशा रहा अग्रणी

डीबी लाइव ने 1 करोड़ का आंकड़ा किया पार

नई दिल्ली, 8 अक्टूबर (हाईवे चैनल)।अपनी बेबाक रिपोर्टिंग, निष्पक्ष राजनीतिक समीक्षा, साहसिक टिप्पणियों एवं विवेकपूर्ण समाचार विश्लेषण के कारण लाखों दर्शकों द्वारा नियमित तौर पर देखे जाने वाले 'डीबी लाइव' के सबस्क्राइबरों की संख्या आज 1 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई।

पोलिटिकल कमेंट्री की श्रेणी में हमेशा से ही अग्रणी स्थान पर काबिज डीबी लाइव यूट्यूब चैनल को देश भर के लोगों द्वारा तो देखा ही जाता है, विदेश से भी उसके हर कार्यक्रम के साथ लाखों दर्शक जुड़ते हैं। डीबी लाइव देश के प्रतिष्ठित व प्रतिबद्ध समाचार समूह 'देशबन्धु' का सहयोगी उपक्रम है जिसने बहुत कम समय में बेहद लोकप्रियता हासिल की है। देशबन्धु के प्रधान सम्पादक राजीव रंजन श्रीवास्तव डीबी लाइव के प्रमुख सम्पादक तथा एंकर हैं। डीबी लाइव के हर शाम को प्रसारित होने वाले कार्यक्रम की 'न्यूज़ प्वाइंट' की लोकप्रियता उसकी राजनीतिक समीक्षाओं के कारण तो है ही, देश-दुनिया में होने वाली हर महत्वपूर्ण परिघटना पर आधारित उसके समाचार एवं समीक्षात्मक कार्यक्रम उसे घर-घर में पहुंचा रहे हैं। राजीव रंजन द्वारा ही प्रस्तुत किया जाने वाला कार्यक्रम 'घूमता हुआ आईना' तथा 'नज़र और नज़रिया', 'खरी खरी' आदि जैसे विश्लेषणात्मक कार्यक्रम भी लोगों द्वारा सराहे जाते हैं।

■ राजीव रंजन श्रीवास्तव हैं प्रमुख सम्पादक तथा एंकर
■ 'न्यूज प्वाइंट', 'घूमता हुआ आईना' काफी लोकप्रिय

लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति प्रतिबद्ध

डीबी लाइव की सफलता ऐसे समयमें दर्ज की गयी है जब मुख्य धारा के ज्यादातर चैनल शोर-शराबे और निरर्थक वाद-विवादों के बावजूद लोगों को अपने साथ जोड़ रहे थे। इस बीच आये डीबी लाइव ने अपनी पक्षपातविहीन तथा निर्भीक पत्रकारिता के जरिये नया दर्शक वर्ग तैयार किया है जो अंतहीन कटुतापूर्ण तथा वैमनस्यता फैलाने वाले संवाद की बजाय ईमानदार तथा प्रतिबद्ध पत्रकारिता को तरजीह देते हैं। ऐसे दौर में जब देश के मीडिया का एक बड़ा हिस्सा सामाजिक एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को धराशायी करने पर तुला हैं, डीबी लाइव देश के लोकतांत्रिक आदर्शों तथा संवैधानिक संस्थाओं की रक्षा के लिये प्रतिबद्ध है। देश के अनेक ख्यातिनाम पत्रकार, चिंतक, बुद्धिजीवी एवं विश्लेषक अपनी राय देने के लिये डीबी लाइव के विभिन्न कार्यक्रमों में रोजाना जुड़ते हैं। देश की अनेक घटनाओं की लाइव रिपोर्टिंग के अलावा उसके चुनावी सर्वे भी बहुत उत्सुकता से देखे जाते हैं जो सच के सर्वाधिक करीब साबित हुए हैं।